मुख्यमंत्री ने ‘वैक्सीन एक्सप्रेस’ वाहनों को दिखाई हरी झंडी

चर्चा में क्यों?

28 सितंबर, 2021 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य में कोविड-19 टीकाकरण अभियान को गति देने के उद्देश्य से केयर इंडिया के समर्थन में **कोविड-19 वैक्सीन ड्राइव (वैक्सीन एक्सप्रेस)** को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में अधिक-से-अधिक लोगों का टीकाकरण करने के लिये केयर इंडिया के सहयोग से राज्य में टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। इसी के तहत राज्य के विभिन्न ज़िलों में 60 मोबाइल टीकाकरण वैन भेजी जा रही हैं।
- ये सभी वैन टीकाकरण अभियान को जन-जन तक पहुँचाने के लिये ‘टीका एक्सप्रेस’ के रूप में काम करेंगी।
- इन ‘वैक्सीन एक्सप्रेस’ की मदद से लोगों के लिये **वैक्सीन प्राप्त करना आसान** हो जाएगा। यह सुविधा लोगों को उनके घरों पर ही मिलेगी।
- सोरेन ने कहा कि अब तक राज्य भर में 1 करोड़ 70 लाख से अधिक लोगों को कोविड-19 के वैक्सीन की पहली खुराक और करीब 40 लाख लोगों को दूसरी खुराक मिल चुकी है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/vaccine-express